'भाजपा अनुशासन को सर्वोपरि मानकर चलने वाले कार्यकर्ताओं की पार्टी है'

- नव नियुक्त जिला अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं को पंचायत राज और नगर निकायों के चुनावों को लेकर दिया जीत का मंत्र

किशनगढ़ बास। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से किशनगढ़ बास के खैरथल रोड स्थित मैरिज गार्डन में नवनियुक्त भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पूर्व विधायक रामहेत यादव व अलवर उत्तर के जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र के पांचों मंडल अध्यक्ष सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अनिता गुर्जर जिला संगठन मंत्री एवं पूर्व नगर विधायक रही, जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी एवं भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने अध्यक्षता की। अलवर ग्रामीण प्रत्याशी रामकिशन मेघवाल, किशनगढ़ बास नगर पालिका चैयरमैन तारामणी सतीश सिंहल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष उमेश कान्त वशिष्ठ, बलविन्द्र सिंह, रामनिवास यादव, प्रमिल जसोरिया, पूरण सिंह झाबूला वशिष्ठ अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने महापुरुषों के चित्रों पर माला अर्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज मित्तल, राजकुमार मोठूका, सोलू शर्मा कोटकासिम, सुरेन्द्र हरसौली ने मुख्य अतिथि अनीता गुर्जर व जिला अध्यक्ष माहसिंह चौधरी का पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत व अभिवादन किया।

भाजपा के अभिनंदन समारोह में पूर्व विधायक रामहेत यादव, अनीता गुर्जर सहित भाजपा संगठन के पदाधिकारियों का हुआ सम्मान।

राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पूर्व विधायक रामहेत यादव ने इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन और अनुशासन को सर्वोपरि मानकर चलने वाले कार्यकर्ताओं की पार्टी है। यादव ने कहा खैरथल तिजारा जिले को यथावत रखे जाने में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का योगदान रहा है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने खैरथल जिले को यथावत रखे जाने व जिले के विकास के लिए बजट स्वीकृत करने पर आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण करने के लिए खैरथल आने के लिए निमंत्रण दिया है। इसलिए हम सब कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है की मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के सम्मान में कोई कसर नहीं रहे।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अनीता गुर्जर ने संबोधित किया और कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है।

संगठन की ओर से मिलने वाली हर जिम्मेवारी को पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता पूरे समर्पण भाव से लगकर पूरी निष्ठा से उसे पूरा करता है। हम सबको मिलकर पार्टी के लिए काम करना है। आने वाले पंचायत राज और निकाय के चुनाव में पार्टी को जीत दिलानी है। भाजपा नेता रामकिशन मेघवाल ने पूर्व विधायक रामहेत यादव के छात्र जीवन से लेकर अब तक के राजनीतिक सफर पर विस्तार से प्रकाश डाला और प्रशंसा करते हुए कहा मैंने अपने राजनीतिक जीवन में इनसे बहुत कुछ सीखा है।

नाबालिग के अपहरण व छेड़खानी के आरोपी की जमानत खारिज

बौंली -बामनवास। सवाई माधोपुर परिवार एवं पोक्सो न्यायालय की विशेष न्यायाधीश समीक्षा जैन ने एक नाबालिकग का अपहरण कर छेड़खानी करने के आरोपी टीकम खंगार निवासी खेरदा सवाई माधोपुर का मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। पीड़िता व राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ट लोक अभियोजक अनिल कुमार जैन ने न्यायालय को अवगत कराया कि सवाई माधोपुर जिले के एक थाने में पीड़ित पिता ने मामला दर्ज कर बताया था कि मेरी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री उसकी मां के साथ 30 जनवरी 2025 को सांय करीब तीन, चार बजे सब्जी लेने गई थी।

आज निकलेगी शोभायात्रा

पावटा। कस्बा पावटा स्थित बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर परिसर से इस बार महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य शिव विवाह शोभा यात्रा निकाली जाएगी जिसमें हजारों श्रद्धालु आस्था भाव से शामिल होंगे।

पेयजल आपूर्ति के साथ समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराए : भूपेंद्र यादव

अलवर । केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने मिनी सचिवालय के कलक्ट्रेट सभागार में आगामी ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर पेयजल प्रबंधन की समीक्षा बैठक लेकर निर्देश दिये कि जिले के नागरिकों को सुचारू पेयजल आपूर्ति के साथ समस्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रो-एक्टिव रहकर टीम भावना के साथ कार्य करें।

वन मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने मिनी सचिवालय के कलक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक ली।

केंद्रीय मंत्री यादव ने अलवर जिले में आगामी ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत पेयजल आपूर्ति के लिए तैयार किए गए तत्कालीन प्रकृति एवं दीर्घकालीन प्रकृति की कार्य योजना की समीक्षा कर उन्होंने निर्देश दिये कि अलवर शहर में सुचारू पेयजल आपूर्ति हेतु ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत स्वीकृत कराए गए अतिरिक्त 69 ट्यूबवेल को मार्च माह में ही चालू करावे तथा 109 चिन्हित ट्यूबवेल को यथाशीघ्र गहरा कराएं, ताकि पेयजल उपलब्धता में वृद्धि हो सके। उन्होंने राजगढ, लक्ष्मणगढ, गोविन्दगढ, बडौदामेव आदि कस्बों की पेयजल आपूर्ति की भी समीक्षा कर इन कस्बों व क्षेत्रों में स्वीकृत ट्यूबवेल व पेयजल योजना को चालू कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पर प्रभावी मॉनिटरिंग रखने पर जोर देते हुए निर्देश दिये कि जिले के नागरिकों की पेयजल समस्या के समाधान हेतु 24 घण्टे कंट्रोल रूम को वार रूम की तर्ज पर संचालित करावे। आने वाली शिकायतों व उसके निराकरण का रिकॉर्ड संधारित किया जावे। पेयजल समस्या के निराकरण हेतु आधुनिक तकनीक को भी उपयोग में लेवें, जिसके तहत 'अतुल्य अलवर' पोर्टल का उपयोग तथा वाट्सएप नम्बर आदि का भी उपयोग लेवें। पेयजल टैंकर की मॉनिटरिंग जीपीएस पद्धित से प्रभावी रूप में करें।

उन्होंने निर्देश दिये कि ग्रीष्म ऋतु में पेयजल उपकरण खराब होने पर 24 घण्टे में ठीक किया जाएं, जिसके लिए अभी से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जावे। उन्होंने कहा कि सभी उपभोक्ताओं को पेयजल की आपूर्ति सुचारू रूप से होवे इसके लिए राइजिंग मैन लाइन में किए गए अवैध कनेक्शनों हटाने की कार्रवाई करें।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने सिलीसेढ झील के पास ट्यूबवेल से अलवर शहर में पेयजल आपूर्ति व नटनी का बारा के पास ट्यूबवेल से पेयजल की आपूर्ति, भाखेडा बांध सहित रामसेतु (संशोधित ईआरसीपी) आदि के कार्यों तथा भूमि जल रिचार्ज के कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिये।

टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण आयोजित

टोंक। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के अंतर्गत सीएमएचओ कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में अभियान के तहत आयोजित होने वाली गतिविधियों के बारे में व्यापक विचार विमर्श किया गया। इस प्रशिक्षण में सीएमएचओ डॉ शैलेंद्र सिंह चौधरी, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर हिमांशु मित्तल, डीपीसी मशर्रत मियां, डीपीसी टिंकू रॉय, डीपीसी ममता प्रोजेक्ट नवरत्न जैन, दिनेश चौधरी, रतन चौधरी और मालपुरा ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और डॉटस प्रोवाइड उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में सीएमएचओ डॉ शैलेंद्र सिंह चौधरी ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के विषय में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में समाज के प्रत्येक वर्ग तक व्यापक रूप से जागरूकता का सन्देश पहुँचे, हम सभी का यही प्रयास होना चाहिए। उन्होंने अभियान में गम्भीरतापूर्वक प्रयास किये जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि अभियान में सामूहिक सहभागिता से ही लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। डीपीसी मशर्रत मियां ने टीबी मुक्त भारत अभियान के बारे में जानकारी दी।

डॉ शैलेंद्र सिंह चौधरी ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के विषय में विचार व्यक्त किये।

'शिक्षा और संस्कार की ज्योति प्रज्वलित करें शिक्षण संस्थान'

- लोकसभा अध्यक्ष ने तोदी आदर्श विद्या मंदिर के नवीन भवन का किया लोकार्पण

जयपुर। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को जयपुर के कोटखावदा में तोदी आदर्श विद्या मंदिर के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों को समाज में शिक्षा और संस्कार की ज्योति प्रज्वलित करने का कार्य करना चाहिए। हमारे शिक्षण संस्थान केवल एक विद्यालय नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना का संगम है, जहाँ ज्ञान के साथ चरित्र निर्माण को प्राथमिकता दी जाती है।

लोकसभा अध्यक्ष ने विद्या भारती संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा और संस्कार जीवन की आधारशिला है और यह संस्था शिक्षा के माध्यम से भारतीय संस्कृति, जीवन-मूल्यों और राष्ट्रीयता को सशक्त बना रही है। 1952 में गोरखपुर से प्रारंभ हुई यह यात्रा आज देशभर में 27,000 से अधिक विद्यालयों तक विस्तृत हो चुकी है, जहाँ लाखों विद्यार्थी न केवल शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, बल्कि भारतीयता और संस्कारों से समृद्ध हो रहे हैं।उन्होंने कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों में केवल ज्ञान नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, नैतिकता, और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित की जाती है।

खोया पाया

मेरे प्लाट नं. ई-3/4/2, द्वरकापुरी अपार्टमेंट, प्रताप नगर, जयपुर का मूल आवंटन पत्र व मूल कब्जा पत्र कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें- मूलचन्द-7014870045

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम अर्जुन कुमार से बदलकर अर्जुन कुमार टेकवानी पुत्र स्व. श्री किशन चंद टेकवानी कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावें। पता-657-बी, सुमेर नगर, मानसरोवर, जयपुर

मैंने अपना नाम ओम राज बाबू लाल गौतम से बदलकर ओमराज गौतम कर लिया हे। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावें। पता 302, श्री गोविन्द कृपा अपार्टमेंट, ई-66, शास्त्री नगर, साईन्स पार्क सामने, शास्त्री नगर, जयपुर, राजस्थान-302016

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

आम सूचना

एक आवासीय प्लाट नम्बर 253, रानी सती नगर, अजमेर रोड, में स्थित है। उक्त प्लाट श्री अतुल सक्सेना पुत्र भगवान स्वरूप सक्सेना के स्वामित्व का है।
इसे मैं अतुल सक्सेना जी से खरीद रहा हूँ उक्त प्रॉपर्टी के सम्बन्ध मे किसी को कोई भी आपत्ति हो तो मुझसे 7 दिन में सम्पर्क कर आपत्ति बतायें।

ब्रज किशोर अग्रवाल
निवासी-बी-24, विद्युत नगर-बी, पुरानी चूंगी, अजमेर रोड, जयपुर 302021
राज. फोन नम्बर 9829067584, 7014949826

राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त- तृतीय
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर 0141-4901853
क्रमांक: 276 **आम जाहिर सूचना** दिनांक 24.02.2025
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या- 2-क-12 योजना नाहरी का नाका जयपुर का आवंटन श्री विजय कुमार परमार पुत्र श्री एम. एल. परमार के पक्ष में किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक- 2032 दिनांक 29/11/1976 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर प्रथम में दिनांक 07/09/2000 को करवाया गया। श्री विजय कुमार परमार की मृत्यु दिनांक 29/05/2023 हो जाने के कारण वो जाने के कारण श्री अमित परमार पुत्र स्व. श्री वी० के० परमार के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रजिस्टर्ड हस्तान्तर पत्र की छाया प्रति आदि प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदन कर्ता श्री अमित परमार पुत्र स्व. श्री वी० के० परमार के नाम से उक्त आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।
संपदा प्रबंधक, वृत्त तृतीय, राज. आ. मण्डल, जयपुर

सर्वसाधारण को सूचनार्थ

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवासीय भूखण्ड सं. 41 वाके खसरा नं. 2368, 2369, 2370, 2370/3145 मंगलम सिटी, ग्राम तुलेडा, तहसील व जिला अलवर कुल रकबा 200 वर्ग गज जिसका पट्टा यू. आई. टी. अलवर द्वारा दिनांक 17.04.2015 को मै. धनश्री डेवेलपर्स जरिये मै. पार्टनर्स पार्श्वनाथ पावर प्रोजेक्ट प्रा. लि. जरिये डायरेक्टर्स श्री मनीष जैन पुत्र श्री अशोक कुमार जैन के नाम जारी हुआ था तथा पट्टा को उप पंजीयक अलवर-II के यहां पर दिनांक 16.06.2015 को बुक सं. 1, जिल्द सं. 149, पृष्ठ सं. 124, कम सं. 20015001482 एवं अतिरिक्त बुक सं. 1, जिल्द सं. 595, पृष्ठ सं. 180 से 186 पर दर्ज है तथा बाद मे उक्त भूखण्ड को श्रीमती अनिता पत्नी श्री राजीव विराना निवासी मकान नं. 80, गुजर मोहल्ला, पहरी, जिला अलवर के द्वारा क्रय कर लिया गया उक्त भूखण्ड का असल पट्टा कही गुम हो गया था। जिसकी गुमशुदगी प्रथम सूचना रिपोर्ट दिनांक 22.12.2017 को प्रथम अलॉटी द्वारा दर्ज कराई जा चुकी है। अब श्रीमती अनिता पत्नी श्री राजीव विराना द्वारा उक्त भूखण्ड पर बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा आर्य नगर, अलवर से उक्त जायदाद को गिरवी रखकर ऋण प्राप्त कर रही है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में मेरे कार्यालय मे आकर आक्षेप प्रस्तुत करें।
अभिषेक सिंह भदौरिया एडवोकेट
भदौरिया हाउस, प्लॉट नं. 2, कृष्णा कॉलोनी, काला कुँआ, हाउसिंग बोर्ड, अलवर
मोबाईल नं. 9461279992

बैंक ऑफ बड़ौदा Bank of Baroda
शाखा कार्यालय: आर्य नगर, प्लॉट नं. 6, लाजपत नगर, स्कीम नं. 2, अलवर-301001 (राज.), फोन नं.: 0144-2332099
मो.: 8094004768, ई-मेल: aryana@bankofbaroda.co.in
स्वर्ण नीलामी
नीचे उल्लिखित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वे ऋण खातों में देयता का भुगतान करने में विफल रहे है। पंजीकृत डाक द्वारा उन्हे भेजे गए नोटिस बैंक को बिना वितरित किए वापस आ गए हैं। इसलिए उनसे अनुरोध है कि वे देयता और अन्य शुल्कों का भुगतान करें और 07.03.2025 को या उससे पहले गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों को भुनाएँ, अन्यथा उक्त प्रतिभूतियों को बैंक द्वारा 11.03.2025 को सुबह 11:00 बजे बैंक परिसर में उधारकर्ता की लागत पर सार्वजनिक नीलामी में बेचा जाएगा या उसके बाद बैंक के पूर्ण विवेक पर बिना किसी और सूचना के किसी अन्य सुविधाजनक तिथि पर बेचा जाएगा।

शाखा	ऋण दिनांक	खाता नम्बर	ऋणी का नाम एवं पता
आर्य नगर अलवर	21.08.2023	46910600001436	मोहित गुसाई पुत्र घनश्याम दास गुसाई, अलवर 1/43, एनईबी हाउसिंग बोर्ड, अलवर, राजस्थान 301001

दिनांक: 20.02.2025
स्थान: अलवर
शाखा प्रबन्धक
बैंक ऑफ बड़ौदा

राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद
सवाई मानसिंह स्टेडियम, जनपथ, जयपुर
कार्यालय दूरभाष नं0 0141-2744283, फैक्स नं0 0141-2740568, ईमेल आईडी-rsscjaipur@gmail.com
क्रमांक : एफ.9/खे.उ./आगार/2024-25/221 दिनांक : 21.02.2025
निविदा संख्या 93/2024-25 दिनांक 21.02.2025
राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर की ओर से निर्माता/अधिकृत विक्रेताओं से राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के तीरंदाजी खेल उपकरणों की आपूर्ति हेतु सील बन्द लिफाफों में एतद् द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा से संबंधित सम्पूर्ण विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in & www.rssc.in पर देखी जा सकता है। UBN No. RSC2425GSRC00051
राज.संवाद/सी/24/12285 सचिव

कार्यालय नगर निगम, कोटा उत्तर (राज0)
email :nnkota@gmail.com, websites : www.kotamc.org
क्रमांक :- ननिको(उ)/राजस्व/2025/14622-33 दिनांक: 21/02/25
पुन: ई-निविदा सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम कोटा उत्तर सीमा क्षेत्र में वार्षिक दर अनुबन्ध हेतु कार्य आदेश दिनांक से 1 वर्ष के लिए समय-समय पर अपेक्षित नगर निगम कोटा उत्तर में टेन्ट हाउस संबंधित सामान किराये पर लेने, लगाने एवं बिछायत के कार्य के लिये इच्छुक निविदादाताओं से निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई-निविदा पद्धति से निम्नानुसार ऑनलाईन निविदायें आमन्त्रित की जाती है। आवेदक निविदा प्रपत्र http://sppp.raj.nic.in, https://eproc.rajasthan.gov.in तथा www.kotamc.org से प्राप्त कर सकेगें।
NIB NO. -DLB 2425A5836
UBN NO. -DLB 2425GLOB18
उपायुक्त
नगर निगम कोटा उत्तर
राज.संवाद/सी/24/12254

आम सूचना मैं, मेरे अभिभाष्यगण निजामुद्दीन पुत्र श्री मर्हमुद्दीन एवं श्रीमती अफरोज बेगम पत्नी श्री निजामुद्दीन जाति मुसलमान निवासीगण म.नं. 184, रामदेव मार्ग, माउन्ट बाईपास, नाहरी का नाका, शास्त्री नगर जयपुर-302016 राजस्थान के हैं की ओर से यह आम सूचना के जरिये घोषणा करते है कि मेरे अभिभाष्यगण का पुत्रान जावेद खान पुत्र निजामुद्दीन एवं उसकी पत्नी श्रीमती आसमा बानो पत्नी श्री जावेद खान जाति मुसलमान निवासीगण म.नं. 184, रामदेव मार्ग, माउन्ट बाईपास, नाहरी का नाका, शास्त्री नगर जयपुर-302016 राजस्थान एवं मो. राशीद खान पुत्रान निजामुद्दीन एवं उसकी पत्नी श्रीमती अमरीन बानो पत्नी श्री राशीद खान निवासीगण म.नं. 185, अ, पेन्टर कॉलोनी दिल्ली बाईपास रोड, नाहरी का नाका, जयपुर-302016 राजस्थान मेरे अभिभाष्यगण के कहने में नहीं हैं तथा वे गलत लोगों के बहकावे में आने के कारण मेरा अभिभाष्यगण अपने उक्त दोनों पुत्रों व उनकी पत्नीयों को अपनी अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं तथा भविष्य में वह अपने पुत्रान व उनकी पत्नीयों से किसी प्रकार का सम्बन्ध नहीं रखेंगे जो भी व्यक्ति मेरे अभिभाष्यगण के उक्त दोनों पुत्रान व उनकी पत्नीयों से किसी प्रकार का लेन देन करेगा उसके लिये वह स्वयं वो ही जिम्मेदार होगा। उसके लिये मेरे अभिभाष्यगण की कोई जिम्मेदारी नही होगी।
जयपुर (चुन्नन योगी) एडवोकेट
दिनांक-24.02.2025 मो. 9887080313

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर
दूरभाष संख्या-0141-4901853
आम जाहिर सूचना राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा दुकान संख्या 107, नाहरी का नाका, जयपुर का आवंटन श्रीमती शान्ती देवी दुसाद पत्नी श्री रामजीलाल दुसाद को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1826 दिनांक 19.07.1975 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त दुकान के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर-द्वितीय में दिनांक 21.09.1990 को करवाया गया। श्रीमती शान्ती देवी दुसाद की मृत्यु दिनांक 13.01.2023 को हो जाने के कारण श्रीमती प्रियंका खण्डेलवाल पत्नी श्री मुकेश दुसाद के द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, रजिस्टर्ड, वसीयतनामा की छाया प्रति एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत कर उक्त दुकान का प्रतिस्थापन अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त दुकान के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदन कर्ता श्रीमती प्रियंका खण्डेलवाल पत्नी श्री मुकेश दुसाद के पक्ष में उक्त दुकान के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक, वृत्त तृतीय, रा.आ. मण्डल, जयपुर

(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को (नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
मुकदमा नम्बर 78/ 2025
चूंकि श्री राजेश मेहता निवासी बी-32, प्रभु मार्ग तिलक नगर जयपुर राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास लिटिल किंगडम एजुकेशन सोसायटी कार्यालय का पता 582, उदय मार्ग तिलक नगर जयपुर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 19/2/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 2/5/25
मोहर 751 20-2-25
सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

नगर निगम ग्रेटर जयपुर
(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लाल कोठी, टोंक रोड़, जयपुर-15)
क्रमांक :- जसअ/2025/311 दिनांक: 24.02.2025
-: : ई-निविदा सूचना संख्या 136 से 139 तक /2024-25 : :-
नगर निगम ग्रेटर जयपुर की ओर से विद्युत कार्य हेतु नगर निगम ग्रेटर जयपुर में व अन्य विभागों में नये नियमों के अनुसार श्रेणीवार EWSD श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं।
निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in पर निम्न UBN No. JMC2425WSOB01440, JMC2425WSOB01441, JMC2425WSOB01442, JMC2425WSOB01443 पर देखा जा सकता हैं।
इच्छुक संवेदकों को ई-निविदा में भाग लेने हेतु वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक हैं।
अधिशाषी अभियन्ता (विद्युत) नगर निगम ग्रेटर जयपुर
राज.संवाद/सी/24/12263

नगर निगम ग्रेटर जयपुर
(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लाल कोठी, टोंक रोड़, जयपुर-15)
क्रमांक :- जसअ/2025/308 दिनांक: 24.02.2025
-: : ई-निविदा सूचना संख्या 140 व 141/2024-25 : :-
नगर निगम ग्रेटर जयपुर की ओर से विद्युत कार्य हेतु नगर निगम ग्रेटर जयपुर में व अन्य विभागों में नये नियमों के अनुसार श्रेणीवार EWSD श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं।
निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in पर निम्न UBN No. JMC2425WSOB01437 व JMC2425WSOB01438 पर देखा जा सकता हैं।
इच्छुक संवेदकों को ई-निविदा में भाग लेने हेतु वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक हैं।
अधिशाषी अभियन्ता (विद्युत) नगर निगम ग्रेटर जयपुर
राज.संवाद/सी/24/12265

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद
(शिक्षा मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग के अंतर्गत भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय)
नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली-110070
विज्ञापन संख्या-अभातशिप/प्रशासन ब्यूरो/02(02)/2025
अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद में सदस्य सचिव के पद के लिए प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक अनुबंध आधार पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक अनुबंध तीन वर्ष की अवधि के लिए है जिसे तीन वर्ष के एक और कार्यकाल के लिए अथवा 62 वर्ष की आयु तक नवीनीकृत किया जा सकता है जिसका विवरण नीचे दिया गया है।
1. **पद का नाम**-सदस्य सचिव
2. **रिक्ति की संख्या**-एक
3. **वेतनमान**-वेतन मैट्रिक्स-15 (रुपये 67000-79000 का पूर्व संशोधित वेतनमान)
4. आवेदन पत्र सहित पात्रता और अन्य सामान्य शर्तों की जानकारी उच्चतर शिक्षा विभाग, शीर्षक के अंतर्गत वेबसाइट (www.moe.gov.in) अथवा (https://www.aicte-india.org/bulletins/advertisements/) से डाउनलोड की जा सकती है। आवेदन निर्धारित प्रारूप (प्रोफार्मा) में दो प्रतियों में उचित माध्यम से अवर सचिव (तकनीकी शिक्षा-II), कमरा नम्बर 106-डी, उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001 को इस प्रकार भेजा जाए ताकि यह दिनांक 27.03.2025 तक प्राप्त हो जाए।
CBC 21300/12/0017/2425

कार्यालय नगर परिषद, टोंक
क्रमांक :- एमसीटी/2024-25/12685 दिनांक :- 24.02.2025
इस्तेहार
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्ति द्वारा पटटा बनवाने हेतु पत्रावली प्रस्तुत की गई है।

क्र0 सं0	नाम पिता/पति	कॉलोनी	साईज	भूखण्ड संख्या
1.	जगदीश/भंवर लाल	हाउसिंग बोर्ड	77.02 वर्गगज	195
2.	संगीता जैन/लेखराज गर्ग	महावीर नगर विस्तार द्वितीय	383.33 वर्गगज	2 व 13
3.	प्रियदर्शी सैन/श्री किशन लाल सैन	न्यू ब्रज विहार विस्तार	111.111 वर्गगज	48
4.	कैलाश गुर्जर/कन्हैया लाल गुर्जर	जगदीश नगर	150 वर्गगज	217,218,219
5.	मोहर सिंह गुर्जर/श्री बद्री लाल गुर्जर	बसन्त विहार कॉलोनी	185.87 वर्गगज	88
6.	रूबिना/इरफान	आजाद नगर	66.66 वर्गगज	208
7.	शंकरलाल/शिवनारायण	बसन्त विहार	51.11 वर्गगज	73 व 74
8.	संदीप मंगल/भगवानदास मंगल	कमला विहार	266.66 वर्गगज	1 व 2
9.	दीपक मंगल/भगवानदास मंगल	कमला विहार	755 वर्गगज	1,2,3,4
10.	राजीव बंसल/कैदारनाथ	महावीर नगर	135.55 वर्गगज	02
11.	राजू लाल मीना/हजारी लाल मीना	न्यू ब्रज विहार	111.11 वर्गगज	63
12.	लेखराज गंग/कैलाश	महावीर नगर	383.33 वर्गगज	03,12
13.	अशोक कुमार/बोदाराम	श्याम नगर	88.88 वर्गगज	117
14.	अशोक कुमार/बोदाराम	श्याम नगर	88.88 वर्गगज	114
15.	श्रीमती गायत्री देवी/किशन लाल सैन	न्यू ब्रज विहार विस्तार	57.77 वर्गगज	48 ऐ
16.	श्रीमती आशा चौधरी/गणेश चौधरी	ओमकारेश्वर वाटिका	111.11 वर्गगज	96
17.	आशा चौधरी / गणेश चौधरी	ओमकारेश्वर वाटिका